अभ्यास

1. भाषा का क्या अभिप्राय है? सही उत्तर के आगे सही (✓) का चिह्न लगाइए।

(क) बोलने का माध्यम (ख) ध्वनियों का समूह

(ग) शब्दों का समूह (घ) विचारों का आदान-प्रदान करने का माध्यम

2. भाषा के कितने रूप होते हैं?

(क) दो (ख) चार (ग) पाँच (घ) तीन

3. व्याकरण शब्द का क्या अर्थ है?

4. व्याकरण अध्ययन के दो लाभ लिखिए।

5. व्याकरण के विभागों के दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प के आगे सही (✓) का चिह्न लगाइए।

(क) वाक्य-विचार, पद-विचार, वाक्य संश्लेषण, वर्ण-विचार

(ख) पद-विचार, वर्ण-विचार, वाक्य-विश्लेषण, शब्द-विचार

(ग) वाक्य-विचार, पद-विचार, शब्द-विचार, वर्ण-विचार

(घ) वर्ण-विचार, वाक्य-विचार, पद-विचार

6. लिपि किसे कहते हैं?

7. देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ? सही विकल्प को रेखांकित कीजिए।

(क) फ़ारसी लिपि (ख) रोमन लिपि

(ग) गुरुमुखी लिपि (घ) ब्राह्मी लिपि

8. बोली किसे कहते हैं? सही विकल्प को रेखांकित कीजिए।

(क) भाषा के क्षेत्रीय रूप को (ख) पूरे देश में बोली जाने वाली भाषा को

(ग) भाषा के लिखित रूप को (घ) भाषा के सांकेतिक रूप को

9. निम्नलिखित भाषाओं की सही लिपियों के आगे सही (✓) का चिह्न लगाइए।

1. हिंदी –	(क) रोमन	(ख) फ़ारसी	(ग) देवनागरी	(घ) अरबी
2. पंजाबी –	(क) फ़ारसी	(ख) तमिल	(ग) रोमन	(घ) गुरुमुखी
3. उर्दू –	(क) रोमन	(ख) रूसी	(ग) फ़ारसी	(घ) देवनागरी
4. संस्कृत –	(क) देवनागरी	(ख) गुरुमुखी	(ग) फ़ारसी	(घ) रोमन
5. अंग्रेज़ी –	(क) गुरुमुखी	(ख) रोमन	(ग) देवनागरी	(घ) फ़ारसी

10. निम्नलिखित वाक्यों को पढ़िए तथा सही के सामने सही (✓) तथा गलत के सामने गलत (✗) का चिह्न लगाइए।

1. व्याकरण भाषा को शुद्ध बनाता है। ☐
2. व्याकरण के आठ विभाग होते हैं। ☐
3. पद-विचार में वर्णों की जानकारी दी जाती है। ☐
4. देश भर में एक ही बोली, बोली जाती है। ☐
5. भारत की राजभाषा हिंदी है। ☐
6. ध्वनियों का मौखिक रूप लिपि से प्रकट होता है। ☐
7. भाषा परिवर्तनशील होती है। ☐

11. खंड (क) तथा खंड (ख) में लिखे वाक्यांशों व शब्दों के सही जोड़े बनाइए।

(क)	(ख)
दाईं से बाईं ओर लिखी जाने वाली भाषा	ब्राह्मी लिपि से
राजभाषा	बोली
भोजपुरी	उर्दू
देवनागरी का विकास हुआ	हिंदी

12. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

1. भाषा शब्द ..... धातु से बना है, जिसका अर्थ है ..... ।
2. भारतीय संविधान में ..... भाषाओं को मान्यता दी गई है।
3. कथित भाषा मौखिक होती है, जो ..... से प्रकट की जाती है।
4. शब्द ..... के सार्थक समूह से बनते हैं।
5. जनसंख्या की दृष्टि से हिंदी-भाषियों का विश्व में ..... स्थान है।